Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a Horticulture University at Mandsour, Madhya Pradesh.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर)ः मेरा संसदीय क्षेत्र मंदसौर (मध्य प्रदेश) उद्यानिकी एवं मसाला फसलों की पैदावार के मामलों में देश में प्रमुख स्थान रखता है। यहाँ की मसाला फसलों की माँग देश-विदेश तक रहती है। उन्नत खेती की आधारभूत आवश्यकताओं में खेती की तकनीकी की जानकारी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। युवा वर्ग खेती की नई तकनीकों की जानकारी रखेगा तो खेती में नवाचार कर सकेगा। मंदसौर में उद्यानिकी विश्वविद्यालय इस दिशा में एक कारगार कदम हो सकता है।

यह माँग पिछले कई वर्षों से मंदसौर की रही है और संसाधन एवं संभावानाओं दोनों में मंदसौर प्राथमिकता क्रम पर खड़ा है।